तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 16 मई 2024

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



10 बच्चों ने सीखा शतरंज से लेकर डांस तक, नाटक ...





11 सीमांकन के प्रकरणों को बारिश से पहले करें ....




# बरसों से सड़क पर रखे कबाड़ वाहनों एवं सामग्री को किया जाएगा जब्त

## सभी गाड़ियों पर नोटिस चस्पा कर हटाने के लिए तीन दिन का दिया गया समय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

नगर पालिका निगम के तहत शहर के वार्डो एवं सड़कों पर कबाड़ वाहन एवं कबाड़ बरसों से रखा पड़ा है। जिसकी वजह से यातायात बाधित होने के साथ नालियों की समुचित साफ सफाई नहीं हो पाती है। जिस पर आए दिन नगर निगम को कबाड़ के संबंध में शिकायतें प्राप्त हो रही थी, जिस पर आयुक्त हरेश मंडावी ने संज्ञान लेते हुए शहर के वार्डो एवं मार्गो से कबाड़ वाहन एवं कबाड़ सामग्रियों को हटाने के लिए निगम राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का एक टीम का गठन किया गया है। सभी गाड़ियों पर निगम अमले के द्वारा नोटिस चस्पा कर 3 दिन में उक्त वाहनों को हटाने का समय दिया गया है। गठित टीम द्वारा आगामी 17 मई से शहर के वार्डो एवं मार्गो से कबाड़ वाहन एवं कबाड़ सामग्रियां को हटाने एवं जब्त की कार्रवाई प्रारंभ किया जाएगा।

इसके पूर्व आयुक्त ने शहर के वार्डों एवं मार्गों पर रखे कबाड़ सामान एवं सामग्रियो के संबंध में निगम राजस्व विभाग के सहायक राजस्व निरीक्षकों के द्वारा शहर में सर्वे कर कबाड़ वाहन एवं सामग्रियों की सूची तैयार कर विभाग को सौंपी। जिस पर प्रशासन कार्रवाई करते हुए निगम आयुक्त के द्वारा निगम राजस्व विभाग का दल एवं यातायात विभाग की टीम के संयुक्त दल के द्वारा शहर में कबाड़ वाहनों एवं सामग्रियों की जब्ती की कार्रवाई प्रारंभ 17 मई से किया जाएगा। साथ ही संबंधित वाहन मालिक एवं सामग्री मालिक पर जुर्माना की कार्रवाई भी किया जाएगा।

*संबंधित मालिकों पर लगाया जाएगा जुर्माना : आयुक्त*



### लगातार आ रही थी शिकायत

आयुक्त ने बताया सड़कों पर कबाड़ वाहन एवं कबाड़ सामग्रियों की शिकायत लगातार आ रही थी। साथ ही कबाड़ वाहनों एवं सामग्रियों के बरसों से सड़क किनारे रहने पर यातायात बाधित होने के साथ ही नालियों की साफ सफाई करने मे भीं काफी समस्या उत्पन्न हो रही थी। जिसको लेकर निगम प्रशासन के द्वारा उन कबाड़ वाहनों एवं सामग्रियों को हटाने एवं जब्ती करने के लिए एक संयुक्त दल का गठन किया गया है जिनके द्वारा जल्द ही कारवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### जैव विविधता दिवस 22 व 23 को मनाएंगे

**दुर्गुकोंदल।** अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाने के संबंध में 15 मई को विकासखंड के ग्राम दमकसा में पर्यावरण विद के मार्गदर्शन में 22 व 23 मई को जैव विविधता दिवस का आयोजन विद्या केतुल शिक्षण संस्थान दमकसा, दुर्गुकोंदल के तत्वाधान में जैव विविधता दिवस मनाया जाएगा। पर्यावरण विद शेरसिंह आंचला ने बताया कि यह संस्था 32 वर्ष से जनहित को लेकर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम स्थानीय जन समुदाय के सहयोग से होता रहा है, जिसमें प्रतिवर्ष अलग-अलग थीम को लेकर आयोजन किया जाता है। बैठक में प्रमुख रूप से झाड़राम टोपा, विश्वनाथ धुर्वा, विश्राम टोपा, पारस उसेंडी, बैजनाथ नरेटी, बाबूलाल कोमरे, देवनाथ कोरेटी, ललित नरेटी व वीरेंद्र दुग्गा उपस्थित रहे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइस सवार गंभीर घायल

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत भानबेड़ा में अज्ञात वाहन के चालक ने बाईक सवार को जोरदार टक्कर मारकर फरार हो गया। एक्सीडेंट से बाईक सवार को गंभीर चोट आई है। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रिफर किया गया। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे भानबेड़ा निवासी 32 वर्षीय सुमन कुमार विश्वास पिता नारायण चंद विश्वास ने पुलिस को बताया कि गांव में मेडिकल दुकान चलाता हूं और 12 मई को सुबह 6 से 7 बजे के लगभग मेरे पिता घर से ग्राम डोंगरकट्टा जाने के लिए मोटर सायकल में सवार होकर निकले थे। उसी समय एक्सीडेंट होने की आवाज आने पर मै घर से रोड की तरफ निकला तब देखा कि मेरे पिता को अज्ञात वाहन एक्सीडेंट कर कांकेर की ओर चला गया।

## 5 ट्रकों की दो दिन में 15, 30 व 120 टन की 1-3 घंटे में ली रीडिंग

# एनआईटी रायपुर के इंजीनियरों की टीम 9 मीटरों से जांच रहे पुराना पुल का लोड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

अलग खबर

संभागीय मुख्यालय से आड़ावाल रोड जाने वाले गोरियाबहार नाला में लगभग 37 वर्ष पूर्व पुल में यातायात शुरू करने के लिए पुल का लोड जानने के लिए लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग के आमंत्रण पर एनआईटी रायपुर से इंजीनियर श्रीश देव, सन्नी देवाल अन्य इंजीनियरों की टीम 14 मई को पहुंची। टीम ने पुराने पुल के नीचे 9 मीटर लगाया। इंजीनियरों ने पुल के ऊपर चारों ट्रकों में 15, 18 टन का लोड रखकर दिन एवं रात तक एक-एक घंटे और बुधवार को 120 टन के लोड पर मीटर की 3-3 घंटे तक रीडिंग लिया।

- पुल के नीचे रातभर रीडिंग करती रही इंजीनियरों की टीम

जांच को पता चल सकेगा कि पुल कितने लोड ले सकेगा और मजबूती की जानकारी मिल सकेगी। पुल की जांच पर पीडब्ल्यूडी एनएच जगदलपुर के कार्यपालन अभियंता आरके गुरू के निर्देश पर एसडीओ जीएस शोरी, उपयंत्री अजय कुमार गहलोत अपनी टीम के साथ इंजीनियरों के साथ तैनात हैं।



### रिपोर्ट के बाद चालू होगा यातायात



*लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग जगदलपुर संभाग के कार्यपालन अभियंता आरके गुरू ने बताया कि गोरियाबहार नाला में पुराने पुल का जांच की जा रही है। इसकी रिपोर्ट मिलने के बाद पता चलेगा कि पुल पर यातायात शुरू करे की नहीं। इसके लिए रिपोर्ट का इंतजार करेंगे।*

### पुराने पुल पर यातायात बंद

*गोरियाबहार नाला में पुराने पुल के बाजू में नया पुल का निर्माण किया गया है, जिससे दोनों पुल पर यातायात शुरू किया गया था। पुल की जांच होने से मंगलवार से गुरुवार तक दोनों पुलों में से पुराने पुल में यातायात बंद किया गया है, जिससे लोगों परेशानी हो रही है।*



# दृष्टिबाधित को परिवहन सुविधा देने बना दिया लर्निंग लायसेंस



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

दृष्टि बाधित होने के बाद भी एक व्यक्ति के लिए परिवहन सुविधा केंद्र से गाड़ी चलाने के लिए लर्निंग लायसेंस जारी कर दिया गया। प्रकरण में जब आवेदक स्थाई लाइसेंस लेने के लिए पहुंचा, तब इ स का खु ला सा हुआ।

- आरटीओ ने परिवहन सुविधा केन्द्र को दिया नोटिस

बस्तर जिले अंतर्गत बकावंड क्षेत्र के तारापुर डुमागुड़ा पारा निवासी संतोष कुमार पटेल ने आड़ावाल स्थित परिवहन सुविधा केन्द्र में ड्रायविंग लायसेंस का लर्निंग कार्ड लेकर पहुंचा। दृष्टि बाधित होने के बाद भी सुविधा केन्द्र ने लर्निंग बना दिया, संतोष ने जब स्थाई लायसेंस के लिए आरटीओ कार्यालय पहुंचा को पता चला कि आवेदक दृष्टि बाधित है। इस पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने नोटिस दिया कि स्थायी लायसेंस बनाने की प्रक्रिया में आवेदक का दृष्टि बाधित होना पाया गया है। शिक्षार्थी चालक लायसेंस बनाने की प्रकिया में निर्देशों का अनुपालन नहीं किया जाना पाया गया है। परिवहन सुविधा केन्द्र मार्गदर्शिका-2022 में सुविधा केन्द्र संचालक के लिए लागू मार्गदर्शिय सिंद्वात एवं शर्तों का उल्लंधन करना पाया गया। इसलिए परिवहन सुविधा केन्द्र का प्राधिकार पत्र निरस्त किया जाएगा।

### दृष्टि बाधित को नहीं दिया लायसेंस


परिवहन सुविधा केन्द्र के संचालक नागेश ने बताया कि दृष्टि बाधित होने पर उनके केन्द्र में शिक्षार्थी लायसेंस नहीं दिया गया। परिवहन नियमों के अनुसार ही कार्य कर रहे हैं।

# पॉलीथिन का धड़ल्ले से उपयोग जारी अधिनियम को ठेंगा व अफसर मौन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

सरकार के द्वारा पॉलीथीन प्रतिबंध अधिनियम लागू करने के करीब 14 वर्ष बीत जाने के बाद भी पॉलीथीन का उपयोग, विक्रय व भण्डारण बंद नहीं हो पा रहा है। इसके चलते अंचल के विभिन्न ग्रामों में पॉलीथीन का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। प्रशासन के जिम्मेदार विभाग कार्यवाही करने के लिए सामने नहीं आ रहे है।

जिले के नगरीय ईलाको कांकेर, नरहरपुर, चारामा, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और पखांजुर में हाट-बाजारों में पॉलीथीन का बेखौफ होकर धड़ल्ले से उपयोग करते हुए अधिनियम की खुलेआम धज्जियां उड़ रही है। बताते चलें कि सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण व पॉलीथीन विरोधी अधिनियम बनाकर एक अगस्त 2010 से लागू किया गया था। इसके अंतर्गत पॉलीथीन कैरीबैग का उपयोग, विक्रय व भण्डारण करने पर रोक लगाई गई थी। ऐसा करने पर पुलिस में मामला दर्ज कर आरोपी को सजा व अर्थदण्ड का भी प्रावधान रखा गया है। दूसरी तरफ आम लोगों के जीवन, दिनचर्या व आम जरुरत का हिस्सा बन चुके पॉलीथीन कैरीबैग के उपयोग को रोक पाना प्रशासन के लिए चुनौती बन चुका है। ऐसे में अधिनियम लागू होने से लेकर आज तक न तो कहीं इस कानून का पालन हो रहा है और न ही कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्व कोई कार्रवाई की जा रही है, जिसके चलते पॉलीथीन का बेरोकटोक उपयोग कपड़ा दुकान, हार्डवेयर दुकान, बिजली सामान के दुकान, सब्जी दुकानों आदि में बहुतायत मात्रा में किया जा रहा है।



# मारपीट से परेशान बहू ने लिखाई रिपोर्ट, सास के खिलाफ जांच शुरू

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत ग्राम गोविंदपुर में आरोपी सास द्वारा बहू के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोपी महिला द्वारा अपने बहू के साथ बार बार विवाद किया जाता था। मारपीट से परेशान होकर पीड़िता ने थाना में अपनी सास के खिलाफ मामला दर्ज कराया, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंची गोविंदपुर निवासी 26 वर्षीय सोनम सिवानी पति रिक्की सिवानी ने पुलिस को बताया कि उनका विवाह 27 फरवरी 2022 मे नागपुर में रीति रिवाज के साथ हुआ था। शादी के बाद से मुझे मेरे पति अपने घर ग्राम गोविंदपुर लेकर आए और अपने परिवार के साथ में रखा। शादी के कुछ दिन बाद मेरी सास ज्योति सिवानी परेशान करने लगी और मुझे मेरे पति से अलग करने की कोशिश करने लगी। शादी के बाद से अब तक मैं आज नही तो कल सब ठीक हो जाएगा सोचकर अपनी सास को कुछ नही बोलती थी, लेकिन 14 मई को दोपहर लगभग 3 बजे मेरी सास मुझे मेरे घर से निकल जा बोलते हुए विवाद करने लगी। सास द्वारा गाली गलौच करते हुए कहने लगी कि आज तुझे जान से मारकर खत्म कर दूगी और मारपीट करने लगी, जिससे मेरे दाहिने कंधे एंव शरीर के अन्य हिस्से में चोट आई है।


# पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

## पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2024-25) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

### उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (D.O.T.) पोस्ट डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | पोस्ट डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोरबा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायगढ़ | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| सरईपाली | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक | **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है |**

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे | साथ ही **25 रूपये** का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे | (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा | **3.** केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे |
4. विद्या कौशल के माध्यम से शैक्षिणिक लोन उपलब्ध है | **5.** छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है |
6. **जो विद्यार्थी सत्र 2023-24 में 12वीं पास हुए है वह अपना आवेदन 12वीं के ऑनलाईन मार्कशीट लगाकर कर सकते है |**
7. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है | अत: विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं | कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें |

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-10.06.2024 तक |**

**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-15.06.2024 तक |**

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,

संचालक

पैरामेडिकल संस्थान, सहारा ऑफिस रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006

महोदय,

.................. (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।

1. आवेदक का नाम .................. 2. पिता / पति ..................

3. जन्म तिथि अंकों में .................. 4. वर्ग: - अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐

5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम .................. पोस्ट .................. तहसील ..................

थाना .................. जिला .................. पिन कोड ☐

मो. नं. 1 .................. मो. नं. 2 .................. वाट्सअप नं. ..................

6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ..................

7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर



## पाठक सूचना

**हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124


# अमृत भारत स्टेशन नॉर्म्स के आधार पर तेजी से आकार ले रहा जगदलपुर का रेलवे स्टेशन

## भवन निर्माण कार्य पूरा होने से स्टेशन भवन नए लुक में होगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर का रेलवे स्टेशन अमृत भारत नॉर्म्स के आधार पर आकर ले रहा है। स्टेशन में निर्माण कार्य बड़े तेजी के साथ किया जा रहा है। यही कारण है कि 386 मीटर लंबे एक नम्बर प्लेटफॉर्म में लगभग 350 मीटर लंबी सेड बिछाई जा रही है। सब कुछ ठीक रहा तो अंतिम चरण का काम जून तक पूर्ण होने का अनुमान है। किरन्दुल-कोटवालसा रेल लाइन में कोरापुट स्टेशन के बाद जगदलपुर दूसरे नम्बर का बड़ा स्टेशन है। प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट अमृत भारत स्टेशन में पूर्व तट रेल जोन में केके लाइन के 48 स्टेशनों में कोरापुट, अरकू, जैपुर के साथ जगदलपुर को सम्मलित किया गया है। लगभग एक साल के भीतर नया


▸▸| शेष पेज 10 पर


- एक नम्बर प्लेटफॉर्म में शेड निर्माण कार्य अंतिम चरण में, जून तक पूरा होने का अनुमान





### दो चरण में होगा कार्य

नया स्टेशन भवन का निर्माण दो चरणों मे पूरा किया जाएगा। उसी आधार पर कायदिश जारी किया गया है। प्रथम चरण में प्लेटफॉर्म में सेड,यात्री प्रतीक्षालय, रिटायरिंग रूम, पर्याप्त पेजयल व्यवस्था समेत अन्य कार्य सम्मलित है। जबकि दूसरे चरण में फुट ओवर ब्रिज, लिफ्ट व अन्य तकनीकी सुविधा बहाल की जाएगी।

- सौरभ प्रसाद, डीआरएम

## खबर संक्षेप

### नगरी में बालिकाओं ने मारी बाजी

**नगरी।** सीजी बोर्ड कक्षा दसवीं और बारहवी परीक्षाओं के नतीजे में हर बार की तरह इस बार भी लड़कियां लड़कों से आगे हैं। कक्षा दसवीं हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में विकासखंड नगरी से 1928 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें 1492 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। कक्षा 12वीं हाई सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा हेतु 1482 विद्यार्थियों में भाग लिया जिसमें 1259 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12वीं की परीक्षा में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल केरेगांव एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कुकरेल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। वहीं कक्षा दसवीं के लिए शासकीय हाई स्कूल बोराई एवं बगरूमनाला स्कूल का परीक्षा परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा। विकासखंड नगरी अंतर्गत संचालित समस्त हाईस्कूलों का परिणाम 77.39 प्रतिशत तथा हायर सेकेंडरी स्कूलों का परिणाम 84.95 प्रतिशत रहा। जनपद अध्यक्ष नगरी दिनेश्वरी नेताम एवं उपाध्यक्ष शिक्षा समिति जनपद पंचायत नगरी हुमित लिमजा ने सफलता हासिल किए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है और जो विद्यार्थी अपनी उम्मीद पर इस बार खरे नहीं उतर पाए हैं, उन्हें हौसला बनाए रखने की बात कही है।

### गुमसुम महिला को घर पहुंचाया

**नगरी।** सोमवार की रात शांति बाई मरकाम पति बुधराम मरकाम ग्राम गिधावा निवासी नगरी के कॉपरेटिव्ह बैंक के पास 5 घण्टे से गुमसुम बैठी थी। नगर के समाजसेवी सन्नी छाजेड़ और प्रिंस गोलछा ने उसे खाना खिलाकर रात 10 बजे कार से महिला को उसके घर गिधावा छोड़ा।



### जिले के चार शहीद परिवार को सरकारी नौकरी देने की मांग

**धमतरी।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल कुमार शर्मा (सेनि) नौसेना का मंगलवार को धमतरी आगमन हुआ। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पूर्व सैनिकों के साथ सैनिक कल्याण अधिकारी की मीटिंग हुई जिसमे संगठन एवं पूर्व सैनिकों ने अपनी समस्याएं रखी। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला धमतरी ने डीजीआर सिक्योरिटी गार्ड भर्ती घोटाला के बारे में अधिकारी को बताया। जिले के चार शहीद के परिवार को सरकारी नौकरी देने, ग्राम खरेंगा में शहीद मनीष नेताम का स्मारक बनाने तथा स्थानीय सरकारी नौकरी में पूर्व सैनिकों को प्राथमिकता देने की मांग की। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने पूर्व सैनिकों की मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। मौके पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष केपी साहू, संरक्षक मुरारीलाल साहू, सचिव अशोक कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, सुरेंद्र कुमार साहू, श्यामसुन्दर देवांगन, अजय कुमार साहू, केशव साहू, दिलीप कुमार साहू, पीतांबर नंदेश्वर, पवन कुमार ठाकुर, बीरेंद्र कुमार ठाकुर, लोकेश यदु, लोकनाथ निषाद, विजेन्द्र कुमार ध्रुव, लक्षणलाल साहू, गौतम कुमार, खिलेंद्र कुमार साहू, डोमार सिंह उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### अमृत भारत स्टेशन ....

स्टेशन भवन संपूर्ण रूप से तैयार हो जाएगा। अमृत भारत स्टेशन में एक नम्बर प्लेटफॉर्म की लंबाई का विस्तार किया गया। यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टि से नया और अत्याधुनिक यात्री प्रतिक्षालय,बुजुर्ग और बीमार यात्रियो को एक नम्बर से दो या तीन नम्बर प्लेटफॉर्म में आने-जाने के लिए लिफ्ट सुविधा बहाल की जाएगी। साथ ही 24 घण्टे शुद्ध पेजयल की सुविधा के लिए तीनो प्लेटफॉर्म में कूलिंग मशीन लगाई जाएगी। वही एक नम्बर से तीन नम्बर तक 12 मीटर आकार का फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाना है। विशाखापटनम रेल मंडल के डीआरएम सौरभ प्रसाद के मुताबिक आने वाले दिनों में नई यात्री ट्रेनों का परिचालन को दृष्टिगत रखते स्टेशन में यात्री सुविधा का विस्तार कार्य प्राथमिकता से किया जाएगा।

# बेमौसम बारिश से किसानों की उपज हो रही खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- धान व मक्का को पहुंच रहा नुकसान
- भीगने के कारण अंकुरित होने की भी समस्या आ रही

मौसम की बेरुखी से हो रही बारिश से क्षेत्र के किसानों की धान मक्का की फसल भीगने और नहीं सूखने के चलते खराब हो रही है। कुछ किसानों की फसल खेत में ही है तो कुछ घरों में लाये हैं। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से ज्यादातर मक्का और धान के किसान अपनी फसल से चिंतित हैं। उमरगाँव के किसान गोविंद नेताम, सुधार नेताम, चौनू राम मण्डावी ने बताया कि सप्ताहभर पहले हमने मक्का मिंजाई किया है, तभी से आज तक अनवरत भारी बारिश और तूफान से वो मक्का सूखा नहीं पा रहे हैं। वहीं भीगने के कारण कुछ फसल अंकुरित हो गई है। ऐसे में किसानों को भारी नुकसान उठाना पड रहा है। किसान गोविंद नेताम ने बताया कि उन्होंने कर्ज लेकर मक्का और धान की फसल लगाई है। आठ दिन हो गए मक्का मिंजाई किया आधे फसल शुरू दिन ही भीग गया और लगातार बारिश के चलते सूखा नहीं पा रहे हैं कुछ अनाज अंकुरित हो गया है वहीं धान को कटाई किया है वो भी बारिश के चलते तब से खेत में ही है। शासन–प्रशासन से इन्होंने भारी आर्थिक नुकसान होने की अपनी चिंता जाहिर किया है।



गीली जमीन के कारण फसल सूखाने में परेशानी

## ग्रीष्मकालीन शिविर : पहले दिन कई कलाओं को सिखाया गया

# बच्चों ने सीखा शतरंज से लेकर डांस तक, नाटक और फोटोग्राफी की बारीकियों से भी हुए रूबरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- जिला कार्यालय सहित नारियल विकास बोर्ड, शासकीय रोपणी का कराया भ्रमण

ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान छात्र–छात्राओं को समृद्ध और आकर्षक अनुभव प्रदान करने, कौशल विकास, शारीरिक गतिविधियां, रचनात्मक अभिव्यक्ति, शैक्षणिक संवर्धन, बाहरी रोमांच, सांस्कृतिक और वैश्विक जागरुकता, आत्मविश्वास और स्वतंत्रता का निर्माण स्व–कौशल विकसित करने के उद्देश्य से 14 से 20 मई तक जिला स्तरीय आवासीय पीएम श्री विद्यालयीन ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग द्वारा किया जा रहा है। ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों को भाषण, वाद–विवाद, ड्राइंग, पेंटिंग, संगीत सहित विशेष कौशल के रूप में फोटोग्राफी–वीडियोग्राफी, ड्रोन बनाना, नाट्य–थिएटर, क्लासिकल डांस, वेस्टर्न डांस सिखाया जा रहा है। शिविर के प्रथम दिन बच्चों को प्रशिक्षक गुप्तेश्वर नाग, अनिश यादव एवं सौरभ मडामे द्वारा शतरंज के खेल की आधारभूत नियमों की जानकारी दी गयी। बैडमिंटन के प्रशिक्षक राकेश दीवान, चंदन मिनोचा, दीपक मिनोचा एवं त्रिदर्शी मडामें द्वारा बच्चों को बैडमिंटन में प्रयोग होने वाली शब्दावलियों, पॉइंट सिस्टम सहित विभिन्न आधारभूत ज्ञान उन्हें प्रदान किया गया।



### काजल अंसारी ने सिखाया शास्त्रीय नृत्य



शास्त्रीय नृत्य काजल अंसारी एवं मालती ध्रुव तथा पाश्चात्य नृत्य ब्रजेश पवार एवं नीरू सिंह द्वारा बच्चों को सिखाया गया। खेल प्रतियोगिताओं में बैडमिंटन, स्वीमिंग, टेबल टेनिस का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। वहीं पाटलीपुत्र आवर्ड से सम्मानित प्रशिक्षक धर्मेंद यद्दु एवं नीलकंठ शार्दुल द्वारा बच्चों को नाटक के प्रारंभिक चरणों का ज्ञान देते हुए नाटक की बारीकियों के संबंध में जानकारी दी गई। बच्चों में शारीरिक कौशल के अतिरिक्त मानसिक कौशल के विकास के लिए वाद विवाद एवं भाषण के संबंध में बच्चों को ज्ञान बृजेश तिवारी, प्रांजल गुप्ता, मधु तिवारी, अंकित गुप्ता, शीला शार्दुल, गोविंदराज नायडू द्वारा दिया गया।

बच्चों को चित्रकला का ज्ञान हर्षदीप द्वारा दिया गया। वहीं संगीत की प्रारंभिक जानकारी बच्चों को जय किशन मारकण्डेय, घनश्याम यादव एवं तरूण चौहान द्वारा दिया गया। इसके अतिरिक्त विज्ञान के प्रदर्शन के रूप में ड्रोन बनाने के लिए प्रारंभिक जानकारी एवं उनमें प्रयुक्त होने वाले उपकरणों की जानकारी बच्चों को विरेन्द्र दीवान, दिव्या वर्मा एवं गौतम पाहुजा द्वारा दी गई। फोटोग्राफी के विशिष्ट कौशल का ज्ञान एवं फोटोग्राफी कैमरों की विशिष्टताएं बच्चों को प्रेम यादव एवं सिकंन्दर खान द्वारा सिखायी गयी।

### शासकीय कार्यालायों का किया भ्रमण



बच्चों को प्रशासनिक कार्यालयों एवं प्रशासन की गतिविधियों की जानकारी देने के लिए बच्चों को जिला कार्यालय के संयुक्त कार्यालय भवन का भ्रमण कराया गया। जिसमें बच्चों को कलेक्टर कार्यालय से लेकर शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, श्रम विभाग, खनिज विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सभा कक्ष, संपर्क केन्द्र, निर्वाचन शाखा, जिला कोषालय, जिला पंचायत एवं अन्य कार्यालयों का भ्रमण कराया गया। इसके अलावा कोपाबेड़ा स्थित शासकीय रोपणी में उद्यानिकी विभाग के अधिकारी लोकेश ध्रुवर द्वारा उद्यान विकास की जानकारी दी गयी। कोपाबेड़ा के नारियल विकास बोर्ड में बच्चों को नारियल के साथ कोको, लिची, काली मिर्ची आदि की कृषि के संबंध में जानकारी दी गई।

# प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के 7 प्रकरणों में 28 लाख की आर्थिक सहायता जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- आकाशीय बिजली और डूबने से हुई थी मौत

कलेक्टर ने प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 7 प्रकरणों में वारिसों को 28 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी है। जिसके अनुसार माकड़ी तहसील के छिनारी निवासी मांगेश्वर बघेल की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर बहन प्रतिभा बघेल, पुत्र विजय कुमार बघेल, माकड़ी तहसील के ग्राम हाड़ीगांव निवासी अंधारू मरकाम की नाला के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी पार्वती मरकाम, पुत्र रामसिंह मरकाम, पुत्र बुधसन मरकाम पुत्र हेमलाल मरकाम, पुत्री करीना, माकड़ी तहसील के ग्राम जरण्डी निवासी सुकड़ीबाई की कुंआ के पानी में डूबने से मृत्यु पर पुत्र पनकूराम, पुत्री सनमती, पुत्री मनकी, पोता ज्ञानेश्वर को राशि जारी की है। माकड़ी तहसील के ग्राम काटागांव निवासी सुभाष मरकाम की गाज गिरने के कारण उसके चपेट में आने से मृत्यु पर माता मनबती मरकाम पिता शिवलाल मरकाम, तहसील मर्दापाल के ग्राम मड़ानार निवासी संतुराम शोरी की पानी में डूबने से मृत्यु पर पहली पत्नी पिलादई शोरी, दूसरी पत्नी सुदरी शोरी, पुत्र खिलेन्द्र शोरी, पुत्र विष्णु शोरी, पुत्र मजनू शोरी, माता मनाय शोरी, भाई प्रभु शोरी को सहायता राशि दी जाएगी। तहसील फरसगांव के ग्राम खण्डसरा निवासी डारोबाई नाग की पानी में डूबने से मृत्यु पर पुत्री मंगती, पुत्री गुड्डी, पुत्र सुन्दरसिंह नाग, पुत्र सोनधर नाग, तहसील धनोरा के ग्राम धनोरा निवासी दस्सोबाई की मृत्यु पर पुत्र संतूराम, पोता दिपेश, पोता रोशन को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी। जिसमें प्रत्येक प्रकरण में चार–चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित किये जाने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदारों को दिए गए हैं।

# बुधसिंह को एक वर्ष के लिए कलेक्टर ने किया जिलाबदर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- एसपी के प्रतिवेदन पर कार्रवाई

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुणाल दुदावत ने विभिन्न आपराधिक प्रकरणों में विचाराधीन बुधसिंह नेताम को पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के प्रतिवेदन अनुसार एक वर्ष के लिए जिलाबदर कर दिया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार कोण्डागांव के फॉरेस्ट कॉलोनी निवासी 42 वर्षीय बुधसिंग नेताम पिता मंगलूराम नेताम के विरूद्ध छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के धारा 4, 5 (क) (ख) अंतर्गत प्रकरण प्रारंभ किया गया है। प्रकरण में बुधसिंह नेताम के विरूद्ध पुलिस अधीक्षक जिला कोण्डागांव के प्रतिवेदन, अभियोजन, साक्ष्य, कथन, प्रकरण में संलग्न आपराधिक चार्ट, नकल जरायम तथा बुधसिंह नेताम द्वारा प्रस्तुत जवाब एवं तर्क पर विचारण किया गया। जिसके अनुसार अनावेदक के विरूद्ध वर्ष 2019 से आपराधिक मामले दर्ज होने एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के बाद भी आपराधिक कृत्यों में किसी प्रकार का सुधार नहीं किये जाने के संबंध में बताया गया है। जिससे क्षेत्र में अनावेदक के कृत्यों से आम नागरिकों के सामान्य जनजीवन में प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जिससे सुरक्षा एवं लोक व्यवस्था बनाये रखने तथा उनके लगातार आपराधिक कार्य को रोकने के लिए जनसाधारण के हित में छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5, 6 के अंतर्गत जिला बदर की कार्यवाही की संस्तुति अनुसार उन पर विभिन्न मामलों में धारा 120 (बी), 147, 148, 149, 342, 395, 440, 458, 384, 34, 294, 506, 186, 353, 34 भा.दं.वि. का मामला पंजीबद्ध है एवं न्यायालय में विचाराधीन है। जिसे देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने आपराधिक गतिविधियों को नियंत्रित करने, शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5, 6 के तहत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए बुधसिंग नेताम को आगामी एक वर्ष के लिए जिला कोण्डागांव, कांकेर, नारायणपुर, बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा एवं धमतरी की राजस्व सीमाओं से हट जाने (जिला बदर) का आदेश जारी किया गया है। बुधसिंह को इस आदेश के जारी होने से एक सप्ताह के भीतर उपरोक्त जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने एवं एक वर्ष की कालावधि अर्थात 12 मई 2025 के पहले प्रवेश न करने का आदेश जारी किया गया है। उनके द्वारा उक्त आदेश का पालन न करने पर उन्हें बलपूर्वक उपरोक्त जिलों की सीमाओं से बाहर निकाल दिए जाने के लिए आदेश भी दिए गए हैं। इस आदेश का उल्लंघन करने पर विरूद्ध छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के सुसंगत प्रावधानों के तहत कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

# सिर्री के शनिदेव मंदिर में हुई प्राण-प्रतिष्ठा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम सिर्री के इष्टदेव गड़भेड़ा बाबा के मंदिर प्रांगण में गांव के श्रद्धालुओं के विशेष सहयोग से भगवान शनिदेव का मंदिर निर्माण किया गया है। गड़भेड़ा बाबा विकास समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से भगवान शनिदेव के मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। चिलचिलाती धूप में दोपहर 12 बजे श्रद्धालु विशेषकर महिलाएं कलशयात्रा लेकर पूरे गांव का भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल पहुंची। भगवान शनिदेव की शोभायात्रा निकाली गई। डीजे पर भक्ति गीतों की झड़ी ने भक्तों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। शोभायात्रा पश्चात ग्राम पुरोहित द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ शनिदेव की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इस आयोजन में रामनिवास साहू, खिलेश साहू, प्रमोद यादव, पुनेश्वर पटेल, नेकराम पटेल, नंदूराम धुरी, त्रिलोकी धुरी, राजू नेताम, पुरषोत्तम निर्मलकर, विरेंद्र धुरी, सूरज, केशरी, बलराम धुरी, टापेश्वर देवांगन, नरेश सहित अन्य ग्रामीणों का सहयोग रहा।

# चोरी के संदेह पर पड़ोसी पर प्राणघातक हमला आरोपी गिरफ्तार, घायल अस्पताल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



चोरी के संदेह पर पड़ोसी पर प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। डंडे के वार से घायल पड़ोसी का अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस के अनुसार 14 मई को प्रार्थिया जानकी यादव पति दयालु राम यादव उम्र 32 वर्ष निवासी सलना ठेंगा पारा थाना विश्रामपुरी जिला कोण्डागांव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 14 मई को सुबह 7 बजे उठकर घर आंगन के सामने पति दयालु राम यादव आंख मुंह धो रहे थे। उसी दौरान पडोसी हेमंत यादव ने रंजिश रखते हुए लकड़ी के डंडे से उसके पति दयालु राम यादव के सिर व शरीर के अन्य हिस्सों वार किए। प्राणघातक हमले से उसके पति के सिर से बहुत खून निकला और वही बेहोश हो गए। पति को विश्रामपुरी अस्पताल में भर्ती कराए हैं। पीड़ित के पत्नी की रिपोर्ट पर आरोपी हेमंत यादव के विरुद्ध धारा 307 भादवि का अपराध रजिस्टर्ड कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता के मद्देनजर तत्काल आरोपी को गिरफ्तार करने पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार के निर्देशित करने पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव रूपेश कुमार डांडे के मार्गदर्शन में एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल भूपत सिंह धनेश्री के पर्यवेक्षण मे आरोपी हेमंत यादव पिता रमेश यादव उम्र 28 वर्ष की पतासाजी कर पकड़ा गया। पूछताछ मे आरोपी हेमंत यादव द्वारा बताया गया कि उसके घर में रखे एक हजार रुपए नहीं मिलने पर पैसे को पड़ोसी दयालु राम यादव द्वारा निकाल लेने के शक में उसको जान से मारने की नीयत से लकड़ी के डंडे से सिर में कई बार वार किया। आरोपी द्वारा अपराध करना स्वीकार करने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी विश्रामपुरी संजय वट्टी सउनि उमेंद्र ,रुव प्रधान आरक्षक जयलाल नेताम, जागेश मंडावी, ईश्वर मरकाम ,जम्मू मरकाम की सराहनीय भूमिका रही।



सिर पर किया डंडे से कई वार

## छग कोसरिया यादव समाज का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन

# होनहार विद्यार्थियों एवं बीएसएफ जवान का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन ग्राम राखी पाली में आयोजित हुआ। अधिवेशन में कुरूद क्षेत्र के समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। 11 मई को वार्षिक अधिवेशन की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की पूजा कर की गई। वहीं पहले दिन महिला संगठन राखी द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली गई। शीतला मंदिर से निकली कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपने सिर पर कलश धारण किया और कार्यक्रम स्थल पहुंचकर यात्रा का समापन किया।

कार्यक्रम में पदाधिकारियों ने सामाजिक विकास, संगठन की मजबूती, शिक्षा व व्यसन मुक्त समाज के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। अधिवेशन में समाज के होनहार और विभिन्न क्षेत्र में सेवाएं देने वालों को सम्मानित किया गया। इसके तहत बीएसएफ के जवान प्रदीप यादव को सम्मानित किया। साथ ही 10वीं और 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्र-छात्राओं को नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में समाज के बच्चों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी, जिसे सभी ने पसंद किया, जिन्हें भी नकद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम में कुरूद ब्लॉक अध्यक्ष लीलाराम यादव, मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष जोहन यादव, विशिष्ट अतिथि सरपंच राखी धनेश्वरी निर्मलकर, नारायण यादव, फग्गूराम यादव, बलराम यादव, दिनदयाल यादव, रामेश्वर यादव, डॉ. अजय यादव, घुरऊराम यादव, गुलाबचंद यादव, माधव कुंवर सिंह यादव, राजेश कुमार यादव व नारायण सिंह यादव समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।



# युवा कहानीकार भोलाराम को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ग्राम डाभा निवासी युवा कहानीकार व शासकीय प्राथमिक शाला कमारिनमुड़ा में पदस्थ शिक्षक भोलाराम सिन्हा को शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी संस्था द्वारा सिविल लाइन रायपुर स्थित वृंदावन हॉल में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपकार चंद्राकर, मीर अली मीर साहित्यकार व विशेष अतिथि तरुणा साहू आरपीएफ निरीक्षक पंडवानी गायिका थी। युवा कहानीकार भोलाराम सिन्हा को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रतीक चिन्ह, शाल, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समग्र शिक्षा छग शासन, रूम टू रीड इंडिया अंतरराष्ट्रीय संस्था द्वारा चयनित श्री सिन्हा की बाल कहानी छेरछेरा को 14 भाषाओं में भी अनुवाद कराया गया है। इसे निकट भविष्य में छत्तीसगढ़ की सभी प्राथमिक शालाओं में भेजी जाएगी। इनकी रचनाएं निरंतर प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रहती हैं।



## खबर संक्षेप

### अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरणों की हुई समीक्षा बैठक



**जगदलपुर।** जिले में अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों की समीक्षा बैठक लेकर अपर कलेक्टर एवं नोडल अनुकम्पा नियुक्ति सीपी बघेल ने कहा कि संबंधित विभाग अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों पर आवश्यक कार्यवाही कर निराकृत करें। जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में आयोजित बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग के सर्वाधिक लंबित प्रकरणों में आवश्यक दस्तावेजों की कमियों को दूर कर प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। इस हेतु पक्षकारों से सतत संवाद कर दस्तावेजों की कमीपेशी को दूर कर उनको लाभ देने कहा गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर हीरा गवर्णा, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी संजय सोनवानी सहित पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### हायर सेकेंडरी बिलोरी का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत



**जगदलपुर।** कक्षा 10वीं एवं 12वीं के माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलोरी के सभी छात्र अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए, शाला का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में दर्ज 36 छात्रों में से 28 छात्र प्रथम श्रेणी में एवं 7 छात्र द्वितीय श्रेणी में पास हुए और एक छात्र अनुपस्थित रहा। इस तरह परीक्षा परिणाम 97.02 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में रविंद्र कश्यप 81.83 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान किरण 77.5 प्रतिशत तथा भूपेंद्र 75.6 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान सुरजोमनी 75.4 प्रतिशत, द्वितीय स्थान कमलोचन नाग 72 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान पर महेश नाग 69.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इस तरह कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 98.48 प्रतिशत रहा। दर्ज 66 छात्रों में से 22 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए तथा 39 छात्र द्वितीय श्रेणी से एवं 4 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य रामदरस तिवारी, व्याख्याता अजय श्रीवास्तव, सुरेश चौहान, राजेश जान, राजेश जैना ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### आज से ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर

**जगदलपुर।** ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 16 मई से शहर के विभिन्न खेल मैदान पर आयोजित किया जा रहा है। उक्त 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रति वर्ष ग्रीष्म अवकाश पर किया जाता है। प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य अवकाश के समय बालक-बालिकाओं को अधिक से अधिक खेल मैदान की ओर आकर्षित कर उनमें खेल के प्रति रुचि जागृत करना है। शिविर के दौरान खिलाड़ियों को स्थानीय खेल संघों के वरिष्ठ खिलाड़ी एवं व्यायाम शिक्षकों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

समय सीमा की बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने दिए निर्देश

# सीमांकन के प्रकरणों का बारिश से पहले करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रकाश सर्वे ने कहा कि जिले में अल्पवजन, बौनापन, दुर्बलता मामलों को पोषण आहार कार्यक्रम के माध्यम से दूर करने का प्रयास किया जाना है। इस के लिए महिला एवं बाल विकास के विभागीय योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन कर राज्य के निर्धारित मानकों के स्तर तक लाना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जिले के परियोजनावार अल्पवजन, बौनापन, दुर्बलता के डाटा का भी समीक्षा किया और तोकापाल विकासखंड में किए गए कैपिसिटी बिल्डिंग कार्य को अन्य विकासखंडों में भी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को सीमांकन के प्रकरणों को बारिश से पहले सभी प्रकरण का निराकरण करने का प्रयास करने की बात कही। मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में नियद नेल्लानार योजना के क्रियान्वयन की प्रगति, जन चौपाल के प्रकरण, जन शिकायत के प्रकरण, पीजी. पोर्टल और समय-सीमा के विभिन्न विभाग से संबंधित प्रकरणों का आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण के निर्देश दिए।

- पोषण आहार कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन से निर्धारित मानकों के स्तर तक लाना करें सुनिश्चित

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सर्वे ने बैठक में महतारी वंदन योजना के लाभांवित हितग्राहियों का जानकारी पोर्टल में अद्यतन करने और आंगनबाड़ी में प्रवेश लेने वाले बच्चों के जाति प्रमाण पत्र जारी करने का लक्ष्य को प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा विभागीय कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा में महिला एवं बाल विकास विभाग के स्थानीय महिला स्वसहायता समूहों के द्वारा योजना का संचालन, किचन गार्डन विकसित करने पर पोषण वाटिका का विकास, कृषि विभाग के पीएम. किसान सम्मान निधि, ई-केवाएसी की स्थिति, किसान क्रेडिट कार्ड बनाने शिविर आयोजन के आधार पर प्रगति, केएमएस 2014-15, 2015-16 के किसानों का तहसीलदार द्वारा बैंक खाता सत्यापन की समीक्षा किया गया। सीईओ सर्वे ने सहकारिता विभाग से कृषक परिवारों एवं वनाधिकार पट्टाधारी कृषकों को नवीन केसीसी जारी करने हेतु अभियान चलाकर कार्य को प्रगति देनें कहा। उन्होंने खरीफ वर्ष 2024 हेतु बीज भण्डारण और किसानों की मांग की स्थिति का संज्ञान लेते हुए बीज भंडारण और वितरण समय पर करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत अप्रारंभ स्वीकृत कार्य की राशि वापसी हेतु जानकारी एसडीएम कार्यालय को प्रेषित कर जनपद स्तर पर प्रयास करें।



बैठक में सामाजिक सहायता कार्यक्रम में संचालित पेंशन योजनाओं में आधार नंबर अपडेट करवाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनांतर्गत प्रगति, ऋण वितरण की स्थिति, जल जीवन मिशन फेस 2 में सोलर ड्यूल पम्पों की स्थापना, जल प्रदाय योजना की स्थिति, पीडीएस दुकान भवन और आंगनबाड़ी भवन निर्माण की भौतिक प्रगति, एफआरए के लाभार्थियों, व्यक्तिगत वनाधिकार पत्रों की ऑनलाईन प्रविष्टियों की अद्यतन स्थिति, एफआरए पट्टाधारक मृत व्यक्तियों का प्रकरण दर्ज कर नामांतरण की कार्यवाही, एफआरए पट्टा वितरण की स्थिति की समीक्षा किया गया।

साथ ही सांसद-विधायक निधि के कार्यों की प्रगति की समीक्षा, स्वास्थ्य विभाग के द्वारा गर्भवती महिलाओं को रिफरल प्रकरण की स्थिति, सिकलसेल, सघन मोतियाबिंद सर्वे, चिरायु योजना, आयुष्मान कार्ड की प्रगति, खाद्य विभाग के राशन कार्डों की स्थिति, पीडीएस दुकानों से रिकवरी की स्थिति, ई-पॉस मशीन द्वारा की गई ई-केवाएसी की प्रगति, ई-श्रम में पंजीकृत व्यक्तियों का राशनकार्ड निमार्ण सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं पर समीक्षा की गई। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर सीपी बघेल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## कायस्थ समाज की बैठक में सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



मनुष्यों के पाप पुण्य का लेखा रखने वाले कायस्थों के इष्ट देव भगवान श्री चित्रगुप्त के प्राकट्य उत्सव कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाने कायस्थ समाज ने तैयारी कर ली है।

बैठक में सर्व सम्मति से प्रस्ताव लाया गया कि भगवान चित्रगुप्त सृष्टि के प्रथम न्यायाधीश हैं इसलिए न्याय के मंदिर न्यायालय में भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। शहर के अलग-अलग मोहल्ला वार्ड में समाज के पदाधिकारी समाज के सदस्यों से जनसंपर्क कर उन्हें भगवान चित्रगुप्त के प्राकट्य उत्सव में सपरिवार आने आमंत्रित कर रहे हैं। वहीं जगदलपुर के सनातनी हिंदू समाज को भी विशेष रूप से भगवान के इस उत्सव कार्यक्रम में आमंत्रित किया जा रहा है। सचिव गजेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि 18 मई को चित्रगुप्त मंदिर चित्रांश भवन, लालबाग में कार्यक्रम होगा। जिसमें शहर तथा आसपास के गांव में रहने वाले कायस्थ समाज के सदस्य शामिल होंगे। 18 मई की सुबह 8 बजे भगवान का अभिषेक, आरती होगा। उसके पश्चात दोपहर 2 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी दीपक श्रीवास्तव एवं राजीव निगम के नेतृत्व में संपन्न होंगे। जिसमें बच्चों की रंगोली, चित्रकला, नृत्य प्रतियोगिता होगी साथ ही महिलाओं की कुर्सी दौड़ और गायन प्रतियोगिता होगी। संध्या 4 बजे पूजन, हवन होगा।

- प्राकट्य उत्सव की तैयारी पूर्ण, शोभायात्रा के साथ होंगे विविध आयोजन

संध्या 5 बजे भगवान चित्रगुप्त की भव्य शोभा यात्रा चित्रांश भवन से निकलेगी। जिसमें अन्य समाज के सनातनी हिंदू भाई बहन सम्मिलित रहेंगे। शोभा यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से निकलकर वापस चित्रगुप्त मंदिर में पहुंचेगी। जहां कायस्थजन एक साथ मिलकर भगवान चित्रगुप्त की सामूहिक महाआरती करेंगे। उसके पश्चात समाज के वयोवृद्ध सदस्यों को तथा विशेष उपलब्धि हासिल किए सदस्यों का समाज के द्वारा कायस्थ रत्न व भगवत गीता की पुस्तक देकर सम्मानित किया जाएगा और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## आस्था विद्या मंदिर जावंगा में लगा समर कैम्प

- 150 बच्चे सीख रहे है घुड़सवारी, चित्रकला, रंगोली, मूर्तिकला, संगीत, वादन, नृत्य, सिलाई एवं क्राफ्ट वर्क



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन के मार्गदर्शन में जिले के पीएम श्री विद्यालयों का सात दिवसीय समर कैम्प का आयोजन गीदम विकासखंड अंतर्गत एजुकेशन सिटी जावंगा स्थित आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल में किया जा रहा है। पीएम श्री विद्यालयों के तहत पांच स्कूल जिनमें एकलव्य जावंगा, प्राथमिक शाला बचेली, पोटाकेबिन कुआकोंडा-2, पोटाकेबिन भांसी तथा पोटाकेबिन गुमड़ा के छात्र शामिल है। उल्लेखनीय है कि इस समर कैम्प के आयोजन का मुख्य उद्देश्य अंचल के बच्चों में छिपी प्रतिभा, हुनर एवं कला को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। अतः ग्रीष्मकालीन छुट्टियों को देखते हुए 13 से 19 मई तक जावंगा में समर कैंप आयोजन किया गया है। इस समर कैम्प में जिले के कुल 150 छात्र-छात्रा सम्मिलित है। समर कैंप में खैरागढ़ से आये मास्टर ट्रेनर्स द्वारा छात्र-छात्राओं को घुड़सवारी, चित्रकला, रंगोली, मूर्तिकला, संगीत, वादन, नृत्य, भाषण कला, सिलाई, क्राफ्ट वर्क सहित अन्य कई विधा सिखाने के साथ-साथ इन विद्यालय के शिक्षकों को भी इन विधाओं में पारंगत बना रहे है।

## पंचायत स्तर पर किए जा रहे निर्माण कार्यों को समय-सीमा में करें पूरा: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा आगामी 16 एवं 17 मई को प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग निहारिका बारिक की अध्यक्षता में ली जाने वाली संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक के संदर्भ में आवश्यक बैठक आहूत किया गया। बैठक में उन्होंने जिले में नियद नेल्लानार योजना के क्रियान्वयन हेतु पंचायत स्तर पर किये जा रहे निर्माण कार्यों को द्रुत गति से समय-सीमा में पूर्ण करने को कहा। ज्ञातव्य हो कि जिले के अंतर्गत स्थापित सुरक्षा कैम्पों के परिधि में स्थित 6 ग्राम मुलेर, कमालूर, धुरली, बासनपुर, गामावाड़ा एवं झिरका नियद नेल्लानार योजना के तहत चिन्हांकित है। जहां समुदाय मूलक एवं व्यक्ति हितग्राही मूलक गतिविधियां विकसित की जायेगी।

इस संबंध में कलेक्टर ने इन चयनित ग्रामों की जनसांख्यिकी एवं आधारभूत संरचना, चिन्हांकित 28 योजनाओं के संतृप्तीकरण के स्थिति, योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में आगामी कार्य योजनाओं की जानकारी चाही। इसके अलावा बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत पूर्ण होने वाले सड़कों में सुरक्षा की स्थिति एवं प्रगति की समीक्षा, मनरेगा अन्तर्गत जॉब कार्ड बनाने, प्रत्येक सुरक्षा कैम्प के पास खाद्यान्न भण्डारण गोदाम, खेल मैदान, आंगनबाड़ी भवन एवं अमृत सरोवर निर्माण, स्व सहायता समूहों के लिए नर्सरी एवं फलदार वृक्षारोपण कार्य, समयबद्ध मजदूरी भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तृतीय किस्त प्राप्त निर्माणाधीन आवास, ग्राम पंचायत भवन की स्थिति, लखपति महिला पहल जैसी विभिन्न योजनाओं के बारे में गहन समीक्षा की गयी। इसके साथ ही बैठक में जानकारी दी गयी कि 17 मई को प्रमुख सचिव द्वारा मैदानी कर्मचारियों की बैठक ली जाएगी। बैठक के दौरान एसडीएम जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद थे।

### प्रमुख सचिव का बस्तर प्रवास आज से

**जगदलपुर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख सचिव निहारिका बारीक दो दिवसीय बस्तर संभाग के प्रवास में 16-17 मई को रहेंगी। उक्त प्रवास के दौरान 16 मई को शाम 5 बजे जिला कार्यालय दन्तेवाड़ा में नियद नेल्लानार योजनांतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा भी करेंगी। जिसमें छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के सड़कों के विकास कार्यों, मनरेगा के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, पंचायत संचालनालय के कार्य, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्य, राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यों की समीक्षा की जावेगी। कमिश्नर श्याम धावड़े ने उक्त बैठक हेतु संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को अद्यतन जानकारी सहित उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया है। इसके अलावा प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में 17 मई सुबह 11 बजे से दन्तेवाड़ा जिला से संबंधित नियद नेल्लानार योजना की प्रगति की समीक्षा की जावेगी।

## सेजेस बस्तर का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बस्तर की सत्र 2023-24 में दसवीं की परीक्षा में कुल 41 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिसमें से 38 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। एक विद्यार्थी पूरक आया है। दसवीं का परीक्षा परिणाम 92.68 प्रतिशत रहा। जिसमें 17 विद्यार्थी ने प्रथम श्रेणी प्राप्त किया। संस्था में प्रथम स्थान रौनक विश्वकर्मा 92.17 प्रतिशत, द्वितीय प्रेरणा कुर्रे 91.33 प्रतिशत, तृतीय दर्शिता तिवारी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कक्षा बारहवीं विज्ञान संकाय में कुल 37 विद्यार्थी संस्था से प्रविष्ट हुए, जिसमें 33 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण किया। इस प्रकार परिणाम 89 प्रतिशत रहा। जिसमें 19 बच्चे प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण किये। जीवविज्ञान संकाय में प्रथम जान्हवी राय 86.8 प्रतिशत, द्वितीय चेतना वर्मा 80.4 प्रतिशत, तृतीय रतीश चौधरी 74.6 प्रतिशत, गणित संकाय में प्रथम प्रेसिस नान्हे 73.6 प्रतिशत, द्वितीय विवेक प्रधान 59.6 प्रतिशत, तृतीय अक्षत तिवारी 55.8 प्रतिशत रहा। वाणिज्य संकाय में 5 परीक्षार्थी शामिल हुए और सभी ने परीक्षा उत्तीर्ण किया अतः परिणाम 100 प्रतिशत रहा। वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान छाया बघेल 72.8 प्रतिशत, द्वितीय लोकेश ठाकुर 70 प्रतिशत, तृतीय पारस बघेल 68 प्रतिशत रहा। संस्था का परीक्षा परिणाम पिछले सत्र की तुलना में बेहतर रहा है। संस्था के प्राचार्य मनोज सिंह, उपप्राचार्य केपी. यादव व समस्त सेजेस स्टाफ द्वारा प्रावीण्य उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई देते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



रौनक विश्वकर्मा



प्रेरणा कुर्रे



दर्शिता तिवारी

## लॉटरी पद्धति से हुआ विद्यार्थियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बस्तर में 15 मई को कक्षा पहली से कक्षा 8वीं के रिक्त सीटों के लिए लॉटरी पद्धति से शासन के आरक्षण नियमों का पालन करते हुए विद्यार्थियों का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थी समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ 16 से 20 मई तक प्रवेश ले सकते है।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, नगर पंचायत अध्यक्ष डोमाय मौर्य, उपाध्यक्ष शालीना सैमसन, रामानंद मिश्रा, अनिल परिहार, उदबोराम नाग, वीरेंद्र सिंह राजपूत, भृगु कुमार तिवारी, जितेन्द्र तिवारी, एबीईओ सुशील तिवारी, संस्था प्राचार्य मनोज सिंह, उपप्राचार्य कुलेश्वर यादव सहित संस्था के समस्त स्टॉफ व बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित थे।




## बच्चों में कौशल क्षमताओं को बढ़ाने दे रहें प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नानगुर में व्यवसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत मीडिया एण्ड इंटरटेनमेंट के प्रशिक्षक कमल सरकार द्वारा समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें गांव के बच्चों को अपने कौशल और क्षमताओं को बढ़ाने के लिए सही सुविधा और वातावरण प्रदान किया जाता है।

इसके साथ ही कमल सरकार द्वारा नानगुर के गली मोहल्लें में घूम-घूम कर पालकों को व्यवसायिक पाठ्यक्रम के लाभ, दैनिक जीवन में उपयोगिता व केन्द्र सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना से छात्रों के लिए खुले स्वरोजगार अवसर से किस प्रकार से बच्चे अपना कौशल विकास करके मीडिया, डिजिटल व स्क्रिनिंग प्रिंटिंग, फोटोग्राफी, विडियोग्राफी, शादी एल्बम डिजाइन, मग-टी शर्ट-मुमेंटो में प्रिंटिंग, ग्राफिक डिजाइन और विभिन्न क्षेत्रों में अपने कौशल को विकसित करके नौकरी और कैरियर के अवसर तलाश सकते हैं, जो छात्रों को विशिष्ट कैरियर के लिए तैयार होने में सहायता करती हैं।



Narayana Health | MMI
कैंसर केयर
स्त्री एवं स्त्री कैंसर रोग ओपीडी
आपके शहर फरसगांव में
डॉ. नेहा जायसवाल
सलाहकार - स्त्री कैंसर रोग
स्त्री एवं स्त्री कैंसर रोग के लक्षण
• अत्यधिक रक्तस्त्राव एवं डिस्चार्ज
• योनि में संक्रमण
• गर्भाशय में गठान
• अनियमित मासिक चक्र
• महावारी के बाद रक्तस्त्राव होना
• स्तन मे गठान एवं असामन्य डिस्चार्ज
• जांघ के क्षेत्र में गंभीर खुजली
• पेट के निचले हिस्से में दर्द एवं पेट फूलना
• पेशाब की आवृत्ति में वृद्धि
• दुर्गन्धयुक्त स्त्राव पी. वि.
18 मई 2024, शनिवार सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक
कृष्णा मेडिकल स्टोर, सामुदायिक भवन के सामने, मेन रोड, फरसगांव
हमारा नेटवर्क: 19 अस्पताल | 3 हार्ट सेंटर | भारत के 14 शहरों में | 21 क्लिनिक | 110+ स्पेशलिटीज
एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल, लालपुर, रायपुर 79871 23994

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### छात्र सुनील बघेल ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बस्तर।** बालक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बस्तर (आत्मानंद हिंदी मीडियम) 12वीं के छात्र सुनील बघेल वाणिज्य संकाय में 76 प्रतिशत हासिल कर विद्यालय और परिवार को गौरवान्वित किया। सुनील अपने इस परिणाम से नाखुश नजर आए उन्होंने पेपर बहुत अच्छा बनने की जानकारी देते हुए बताया की वह अपने रिजल्ट से असंतुष्ट हैं और पेपर ओपन करवाने की बात कही। अपनी इस कामयाबी के लिए उन्होंने शिक्षकों के मार्गदर्शन को साराहा और उनका धन्यवाद अदा करते हुए विद्यालय के शिक्षकों को श्रेय दिया। विद्यालय के प्राचार्य पीआर लाऊतरे और समस्त शिक्षकों ने छात्र के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### धुरी समाज का वार्षिक सम्मेलन 19 को

**सिर्री।** इस वर्ष भी धुरी समाज रायपुर संभाग का वार्षिक महासभा सम्मेलन 19 मई रविवार को दोपहर 12 बजे लोमश ऋषि आश्रम राजिम में रखा गया है। समाजसेवक नंदूराम धुरी ने बताया कि सम्मेलन में धमतरी उत्तर क्षेत्र, धमतरी दक्षिण क्षेत्र, महासमुंद क्षेत्र, रायपुर क्षेत्र के सामाजिक पदाधिकारी एवं सदस्य विशेष रूप से उपस्थित होंगे। इस अवसर पर विगत वर्ष के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया जायेगा। सामाजिक उत्थान पर चर्चा की जायेगी।

### जोरातराई (अं) में कबड्डी प्रतियोगिता 18 से

**अंवरी।** ग्राम जोरातराई (अं) में रात्रिकालीन राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 18 मई को जय बजरंग कबड्डी दल द्वारा रखी गई है। प्रथम पुरस्कार 10,000 रूपये, द्वितीय 7000 रूपये, तृतीय 4000 रूपये एवं चतुर्थ पुरस्कार 2000 रूपये रखा गया है। प्रवेश शुल्क 351 रूपए है। इसके अलावा बेस्ट रेडर, बेस्ट डिफेंडर, बेस्ट ऑलराउंडर में भी आकर्षक पुरस्कार दिया जायेगा। प्रतियोगिता की तैयारी में समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष मनीष पाल, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र निर्मलकर, सचिव श्रवण साहू, कप्तान गजाधर पाल, सदस्य रमेश साहू, सतीश निर्मलकर, भरतराज साहू, देव साहू, हेमलाल पाल, लीलेश साहू, घनश्याम यादव, सतीश निर्मलकर जुटे हैं।

नया बस स्टैंड में मूलभूत व्यवस्था में कोई कमी न हो :आयुक्त

# नए बस स्टैंड परिसर में बनाया जाएगा बाइक पार्किंग जोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



आयुक्त हरेश मंडावी ने बुधवार को शहर के कुशाभाऊ ठाकरे बस स्टैंड का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। नया बस स्टैंड परिसर एवं आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण कर आयुक्त ने बस स्टैंड परिसर की समुचित साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। साथ ही प्रतिदिन बस स्टैंड में जहां यात्री अपने बसों का इंतजार करने के लिए विश्राम करते हैं, उस क्षेत्र का प्रतिदिन सफाई करने का निर्देश दिए। बस स्टैंड परिसर में लगे सभी पंखों को तत्काल सुधारने का निर्देश देने के साथ बस स्टैंड परिसर में समुचित विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त रखने समझाइस दी। आयुक्त ने अधिकारियों के साथ बस स्टैंड का निरीक्षण कर बस स्टैंड के पेयजल की व्यवस्था का जायजा लेने के साथ सभी व्यवस्थाओं को सही रखने का निर्देश दिया। वहीं नए बस स्टैंड परिसर में बाईक पार्किंग स्थल बनाने का संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है।

**लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी**

आयुक्त ने साफ शब्दों में अधिकारियों को कहा कि लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नया बस स्टैंड परिसर साफ सफाई एवं सुंदर होना चाहिए। वहीं आयुक्त ने बस स्टैंड परिसर के दुकानों एवं बस वालों से कहा कि अपने कचरो को व्यवस्थित रूप से डस्टबिन में रखें अपने बसों का कचरा अन्यत्र ना फेक। परिसर में गंदगी ना फैलाएं। सभी के सहयोग से बस स्टैंड को स्वच्छ व सुंदर व्यवस्थित रखने में सहयोग निगम प्रशासन का करें।

# आत्मानंद विद्यालय धरमपुरा में रिक्त सीटों पर लॉटरी से चयन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ अंग्रेजी माध्यम विद्यालय धरमपुरा में विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए रिक्त सीटों पर लॉटरी के द्वारा चयन प्रक्रिया पूर्ण किया गया।

लॉटरी की प्रक्रिया शासन के मापदंड के अनुसार पूर्ण किया गया। पहले कक्षा 1 के 50 रिक्त सीटों के लिए लॉटरी निकाली गई। सबसे पहले बीपीएल से 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित की गई जिसमे 6 बालक एवं 6 बालिका कुल 12 सीटों पर लॉटरी निकाली गई। शेष 38 सीट पर 19 बालक 19 बालिका की लॉटरी निकाली गई। इस अवसर पर संस्था की प्रचार्या हेमलता त्रिपाठी, बीआरसी गरूड़ मिश्रा एवं नगर के गणमान्य नागरिक, पालक गण और शिक्षकगण उपस्थित थे। कक्षा 3 के लिए 4 सीट पर 2 बालक और 2 बालिका की लॉटरी निकाली गई। इसी प्रकार कक्षा 4 थी और 5 वी के लिए 3-3 सीटों पर तथा कक्षा 6 वी के लिए 1 सीट पर लॉटरी निकाली गई। चयनित छात्रों की सूची सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। छात्र एवं पालक अवलोकन कर सकते है। चयनित छात्रों 18 मई तक आवश्यक दस्तावेज सुबह 8 बजे से 11 बजे तक जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि तक दस्तावेज जमा नही करने पर प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा। दस्तावेजों की छायाप्रति के साथ मूल प्रति लाना अनिवार्य है ताकि सत्यापन किया जा सके।

# जात्रा मेला में सजा था जुए का फड़, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




परपा थाना क्षेत्र के रानसरगीपाल में जात्रा मेला में सजे जुए के फड़ में दबिश देकर पुलिस ने जुआ खिलाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के

- 12 हजार रूपए नगद व जुआ खिलाने का सामान बरामद
- परपा थाना क्षेत्र के रानसरगीपाल की घटना

कब्जे से 12 हजार रूपए नगद व जुआ खिलाने का सामान बरामद किया गया है।

एएसपी महेश्वर नाग ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि अवैध रूप से जुआ खेलने वालों पर बस्तर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गांव के जात्रा मेले में लुडो गोटी के साथ जुआ खिला रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपी सामदेव मौर्य 28 वर्ष व त्रिनाथ कश्यप 22 वर्ष दोनों निवासी निवासी देउरगांव कोहकापाल पारा को घेराबंदी कर पकड़ा। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम रानसरगीपाल में रात में जात्रा मेला में कुछ लोग लुडो गोटी से जुआ खेला रहे है सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के मार्ग दर्शन एवं एसडीओपी केशलूर विश्व दीपक त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी परपा दिलबाग सिंह के नेतृत्व में टीम गठित रवाना किया गया। टीम द्वारा जात्रा मेला में लुडो गोटी से जुआ खिला रहे दोनों आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा उनके कब्जे से अंक लिखा हुआ प्लास्टिक का पर्दा, मग, लुडो गोटी व नगद 12 हजार 70 रूपए जब्त किया गया। आरोपीयों के खिलाफ धारा 3 (2) छग जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई किया गया। कार्रवाई में निरीक्षक दिलबाग सिंह के अलावा प्रधान आरक्षक विरेन्द्र कुमार साहू, प्रकाशचन्द्र बांधव, आरक्षक बसंत डहरे, नीरज सिंह व रविन्द्र कुमार ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# हाई टेंशन तार की चपेट में आई एक महिला मजदूर की मौत, दूसरी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित गांधी मैदान के करीब अंडर कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग में काम कर रही एक महिला मजदूर की हाई टेंशन वायर की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं चपेट में आई दूसरी महिला मजदूर घायल हो गई जिसे उपचार के लिए महारानी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक बुधवार दोपहर शहर के मध्य गांधी मैदान के सामने निजी बिल्डिंग का निर्माण कार्य चल रहा था। बिल्डिंग के बेहद करीब से हाई टेशन की करंट वाली लाइन लगी हुई है। हादस उस समय हुआ जब महिला मजदूर लोहे की छड़ बिल्डिंग में ले जा रही थी उसी दौरान छड़ 11 केवी हाईटेंशन वायर से जा टकराई जिससे एक महिला मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई वहीं दूसरी महिला मजदूर को करंट के झटके लगने से झुलस गई जिसका महारानी अस्पताल में उपचार चल रहा है। हादसे में नियानार लोहरापारा निवासी दयामणि बघेल 19 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई, वही एक अन्य महिला रोमा घायल हो गई। घटना के बाद इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है।

**लापरवाही का आरोप**

घटना कि जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे घायल व मृत महिला के परिजनों ने ठेकेदार और मकान मालिक पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी लापरवाही से ही यह घटना हुई है। काम के दौरान मजदूरों की सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए थे। इधर मजदूर कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने मृत महिला के परिजनों को 5 लाख रूपए मुआवजा देने की मांग की है। परिजनों ने कहा कि श्रम विभाग की अनदेखी के चलते ही यह बड़ा हादसा हुआ है।

**मुख्य सड़क पर डंप किया गया है मटेरियल**

शहर के कई हिस्सों में बिना सुरक्षा के मजदूरों से काम लिया जा रहा है। निर्माणाधीन मकान के मालिकों द्वारा मुख्य मार्ग में निर्माणाधीन सामान डंप किया गया है जिससे आए दिन दुर्घटना हो रही है। शहर के शिवमंदिर वार्ड, भैरमदेव वार्ड समेत अन्य कई वार्डो में इन दिनों धड़ल्ले से निर्माण कार्य चल रहा है और मटेरियल ईट्ट, रेत, छड़ सड़क पर ही डंप कर दिया गया है जिससे आधी सड़क मटेरियल से बंद हो चुका है जिससे लगातार हादसे हो रहे है। चार दिन पूर्व भी भैरमदेव वार्ड स्थित पंच चौक में इन सामानों की वजह से कार पलट गई और सवार बाल बाल बच गए थे। बावजूद निगम का ध्यान इस ओर नहीं है और लगातार हादसे हो रहे है।

# आरटीओ एजेंट को कार्यालय में प्रवेश पर लगी रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में पुराने चलन के अनुसार अधिकतर ग्राहक एजेंट के माध्यम से काम करवाते रहे हैं। ऐसे में एजेंट कार्यालयीन अवधि में

- एजेंटों की कानूनी मान्यता नहीं, बाहरी खिड़की से कार्य कराएं

कार्यालय के भीतर संबंधित शाखाओं के बाबुओं के पास बैठे देखे जाते थे। इससे कार्यालयीन व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। आरटीओ ने कार्यालय के अंदर एजेंट या बाहरी लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया है। परिवहन सुविधा केंद्रों अथवा कार्यालय के बाहर काउंटर के खिड़की से ही कागजात जमा कराने कहा है। ज्ञात हो कि परिवहन सुविधाओं के विस्तार के लिए शासन ने आनलाइन टेस्ट ड्राइव, वाहन पंजीयन, परमिट से लेकर लाइसेंस बनाने तक की प्रक्रिया का सरलीकरण किया है। आरटीओ एजेंटों की कानूनी मान्यता नहीं है, लेकर उनके द्वारा तय शुल्क लेकर लोगों के काम करवाए जाते रहे हैं।

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि एजेंट या बाहरी व्यक्तियों को कार्यालय के अंदर आकर बैठने पर रोक लगाई गई है, इससे कार्यालयीन व्यवस्था बाधित हो रही थी।

# पुराने स्टॉक में नए रेट लगाकर बेचा जा रहा शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहर के शराब दुकानों में ओवर रेट में शराब बेचे जाने की खबर सोशल मिडिया में वायरल होने के

- शराब का ओवररेट लेने की बात भ्रामक : रतन नागेश
- सोशल मिडिया में वायरल हो रहा ओवर रेट में बेचा जा रहा शराब

बाद जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि ओवर रेट की बात भ्रामक है। दरअसल पुराने बचे शराब के स्टॉक में वर्तमान में शासन द्वारा जारी नए रेट के स्टीकर लगाकर विक्रय किया जा रहा है।

गौरतलब है कि इन दिनों जिले में अधिक कीमत पर शराब बेचे जाने की लगातार शिकायतें आ रही है। कतिपय लोगों द्वारा बकायदा इसका विडीयो भी वायरल किया गया लेकिन शराब दुकान में लगे सीसीटीवी में शराब बेचे जाने के बाद बकायदा खरीददार को बाकी के रूपए लौटाते हुए दिखाया गया है। जिला आबकारी अधिकारी रतन नागेश ने बताया कि जिले के सभी दुकानों में प्रिंट रेट में ही शराब बेची जा रही है। इससे पूर्व के बचे हुए शराब के स्टॉक में नए रेट लिस्ट प्रिंट किया गया है जिसके चलते लोगों को यह लग रहा है कि शराब अधिक कीमत में बेची जा रही है जो पूरी तरह गलत है। शराब का विक्रय शासन द्वारा दिए गए प्लेसमेंट एजेंसी के द्वारा निर्धारित विक्रय दर पर ही शराब विक्रय किया जा रहा है। डीईओ आबकारी ने बताया कि शराब के कुछ महगें ब्रांड बिक नहीं पाए थे जिन पर वर्तमान जारी रेट लिस्ट के हिसाब से प्रिंट कर शराब का विक्रय किया जा रहा है। उन्होंने सीसीटीवी फूटेज दिखाते हुए बताया कि जिन लोगों के द्वारा विडियो जारी कर अधिक रेट लिए जाने की बात कही जा रही है वह विडियो अधूरा है हमारे पास दुकान के बाहर व अंदर लगे सीसीटीवी में पूरा वाक्या देखा जा सकता है।

# स्वामी लीला शाह टीम और कृष्ण दास टाइटंस ने जीता मैच



हरिभूमि ▶▶| जगदलपुर

सिंधी प्रीमियर लीग रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतिगोगिता में मंगलवार को सांतवा मैच स्वामी लीला शाह और युधिष्ठिर लाल टीम के बीच खेला गया, पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्वामी लीला शाह टीम के कप्तान निकेत नागवानी की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के बदौलत टीम ने 161 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसका पीछा करने उतरी स्वामी युधिष्ठिर लाल टीम केवल 77 रन ही बना सकी स्वामी लीला शाह टीम की तरफ से कप्तान निकेत नागवानी ने 46 गेंद पर 125 रन की आतिशी पारी खेली। जो इस टूर्नामेंट में किसी भी प्लेयर एवम टीम का सर्वाधिक स्कोर है। निकेत नागवानी मैन ऑफ द मैच रहे, आठवा मैच कृष्ण दास टाइटंस एवं साधराम शाहिब किंग्स 11 के बीच खेला गया, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्री कृष्ण दास टाइटंस टीम ने 101 रन का लक्ष्य खड़ा किया टीम के तरफ से कुनाल बजाज ने 50 रन की अर्धशतकीय पारी खेली,लक्ष्य का पीछा करने उतरी साधराम शाहिब किंग्स 11 रोमांचक मैच में चार रनो से मैच हार गई, साधराम शाहिब किंग्स 11 के तरफ से भविष्य दंडवानी ने 23 बाल पर 38 रनो की पारी खेली लेकिन टीम को जीत ना दिला सके, मैच का रिजल्ट आखिरी बाल पर आया कुनाल बजाज मैन ऑफ द मैच रहे।

# सेवा निवृत्त होने वाले कर्मचारियों को माह के अंतिम दिन मिले पेंशन प्राधिकार पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शासन के विभिन्न विभागों से प्रत्येक माह बड़े तादाद में अधिकारी कर्मचारी सेवा निवृत्त हो रहे हैं, किंतु जगदलपुर को छोड़ कर अन्य किसी

- कमिश्नर बस्तर संभाग से भेंट कर पेंशनर्स महासंघ ने सौंपा ज्ञापन

भी जिले में सेवा निवृत्ति के दिन पेंशन प्राधिकार पत्र पेंशनरों को नही मिल रहा है, जिसके कारण पेंशनर कार्यालयों का चक्कर काटने के लिए विवश हो गए हैं। उक्त बातें भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय मंत्री राम नारायण ताटी ने प्रेस को जारी बयान में दी।

ताटी ने कहा संगठन के सुझाव पर बस्तर जिले में यह व्यवस्था गत वर्ष से कलेक्टर बस्तर के निर्देश पर शुरू की गई है और प्रत्येक माह के अंतिम दिन सेवा निवृत्त होने वाले कर्मचारियों को सम्मान समारोह आयोजित कर पेंशन प्राधिकार पत्र उनके हाथों में सौपा जा रहा है। किंतु बस्तर संभाग के अन्य जिलों में ऐसी व्यवस्था अब तक सुनिश्चित नही की गई है।

संभागीय अध्यक्ष ताटी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल बस्तर के संभागायुक्त श्याम धावडे से भेंट कर मेमोरंडम सौपा। साथ ही पेंशनरों के हित में जगदलपुर जैसी व्यवस्था संभाग के अन्य जिलों कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा एवं सुकमा में भी शीघ्र सुनिश्चित करने के लिए संबंधित जिला कलेक्टरों तथा जिला कोषालय अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर दिशा निर्देश देने का आग्रह प्रतिनिधि माडल के द्वारा किया गया।

कमिश्नर ने तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने का भरोसा संगठन को दिलाया। प्रतिनिधि मंडल में डी रामन्ना राव, किशोर कुमार जाधव, रमापति दुबे, नागेश कापेवार, दिनेश कुमार सिंघल एवं विनय कुमार चक्रवर्ती शामिल हैं।

